दिनांक 10.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दीपावली पर्व के अवसर पर सार्वजनिक स्थानों में त्यौहार मनाया गया है ऐसे स्थानों की साफ–सफाई करावें तथा स्वयं निरीक्षण करें एवं की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। आगामी दिनों में छठ पर्व का त्यौहार मनाया जाना है ऐसे ही स्थानों पर गत वर्ष की भांति तालाबों में पेयजल, बिजली, श्रद्धालुओं के आने जाने मार्ग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था की गई थी उसी प्रकार इस वर्ष भी त्यौहार के पूर्व ही सम्पूर्ण तैयारी कर लेवें मेरे द्वारा चिन्हित उन समस्त तालाबों का निरीक्षण किया जावेगा निरीक्षण के दौरान अनिवार्य रुप से सभी व्यवस्था पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित कर लेवें।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने छठ पर्व की व्यवस्था को लेकर पूर्व में ही समस्त जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व एवं स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक ली थी जिसमें की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई थी तथा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि ऐसे समस्त तालाब जहां पर छठ पर्व मनाया जाता है वहां सम्पूर्ण आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेवें।आयुक्त महोदय के आदेशानुसार निगम क्षेत्र के अंतर्गत उन समस्त तालाबों में जहां पर बड़े हर्षोंल्लास के साथ छठ पर्व का त्यौहार मनाया जाता है ऐसे सभी तालाबों में पानी, बिजली, साफ–सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं हेतु निगम जोन के अंतर्गत अपने–अपने प्रभार वाले वार्डों में चिन्हित तालाबों पर त्यौहार पूर्व समस्त तैयारी पूर्ण करने की कार्यवाही की जा रही है। श्री सुंदरानी के द्वारा निगम क्षेत्र के चिन्हित तालाबों की साफ–सफाई पानी, बिजली एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।

आज जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अंतर्गत चिन्हित तालाबों का साफ–सफाई सहित आवश्यक व्यवस्था की तैयारी की जा रही है जिसका निरीक्षण स्वयं जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी ले रहें है।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने आज जोन 01 शीतला तालाब, वार्ड 60 रिसाली हिन्द नगर तालाब में साफ–सफाई के साथ–साथ समतलीकरण कार्य, वार्ड 16 कुरुद तालाब, जोन 06 के वार्ड 40 जोरातराई तालाब का सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी